प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार'

- प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक शिमला में होगा आयोजित– सत्र के दौरान कुल 10 बैठकें होंगी।
- प्रदेश मंत्रिमण्डल ने शून्य नामांकन वाले 89 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों व 10 माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का लिया निर्णय।
- कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कल– सेना प्रशिक्षण कमान शिमला ने विजय दिवस पर मनाया रजत जयंती समारोह।
- श्रीनगर के कुपवाड़ा में शहीद हुए ऊना ज़िला के दिलवर खान को पूरे सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई।

मंत्रिमण्डल

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक शिमला में आयोजित होगा। सत्र के दौरान कुल 10 बैठकें आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में राज्यपाल से विधानसभा का मॉनसून सत्र आयोजित करने की अनुशंसा की गई। मंत्रिमण्डल ने देहरा को पुलिस ज़िला बनाने का निर्णय लिया जिसका मुख्यालय देहरा में ही होगा। इसके सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 39 पद सृजित करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पुलिस चौकी डाडासीबा को एस.डी.पी.ओ. देहरा और मझीन को एस. डी.पी.ओ. ज्वालामुखी के अंतर्गत पुलिस थानों के रूप में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने मण्डी मध्यस्थता योजना के तहत सेब, किन्नू, माल्टा, संतरा और आम के फलों की खरीद 12 रूपए प्रति किलोग्राम जबकि गलगल की खरीद दर 10 रूपए प्रति किलोग्राम करने को स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने 2 किलोमीटर के दायरे के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों और 3 किलोमीटर के दायरे के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 5 और इससे कम विद्यार्थियों की स्थिति में विलय करने को भी मंजूरी प्रदान की।

इसके अलावा शून्य नामांकन वाले 89 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों और 10 माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला लिया गया। मंत्रिमण्डल ने तीन मंत्रिमण्डलीय उपसमितियों के गठन का निर्णय भी लिया। बैठक में विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के पद भरने और सृजित करने को भी मंजूरी प्रदान की गई।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश में राज्य रैडक्रॉस द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। शिमला में आज राज्य रैडक्रॉस समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार स्कूली छात्र रैडक्रॉस में शामिल किए जाएंगे। शांडिल ने बताया कि इसके लिए प्रदेशभर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने रैडक्रॉस के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पौधरोपण अभियान के आयोजन पर भी बल दिया। शांडिल ने कहा कि राज्य रैडक्रॉस द्वारा पी.जी.आई. सैटेलाइट केन्द्र ऊना के समीप सराय भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रूपए प्रदान किए गए हैं।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट में हिमाचल में रेलवे परियोजनाओं के विस्तार के लिए 2 हज़ार 6 सौ 98 करोड़ का आबंटन किया गया है जिससे प्रदेश में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ करने व मौजूदा परियोजनाओं को जल्द पूरा करने में मदद मिलेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भानुपल्ली–लेह लाइन के लिए इस बजट में एक हज़ार 7 सौ करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल को कई बड़ी सौगातें दी हैं और देश की चौथी वंदे भारत ट्रेन की सौगात भी प्रदेश को दी गई।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है और सरकार के कुप्रबंधन का नुकसान लोगों को उठाना पड़ रहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में पटवारी द्वारा ऑनलाइन काम रोक दिया गया है जिस कारण प्रदेशभर के युवाओं के प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि युवा अपने प्रमाण पत्रों के लिए दर–दर भटकने को मजबूर हैं लेकिन सरकार किसी भी मुद्दे पर गंभीरता दिखाने से परहेज़ कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को इस महत्वपूर्ण मुद्दे का जल्द समाधान सुनिश्चित करने की सलाह दी है ताकि युवाओं को आवश्यक प्रमाण पत्र जल्द उपलब्ध हो सकें।

सम्मान

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे को ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में देशभर में दूसरे स्थान पर रहने के लिए सम्मानित किया गया। ये सर्वेक्षण इस वर्ष जनवरी से जून तक की अवधि के बीच ग्राहक संतुष्टि के लिए किया गया जिसमें देश के 61 हवाई अड्डों ने भाग लिया। विमानपत्तन निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कांगड़ा हवाई अड्डा भविष्य में भी यात्रियों को सर्वोत्तम

सेवा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं और प्रदेश पुलिस के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था भी 3 गुणा हो गई है।

करगिल– विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कल 26 जुलाई को मनाई जाएगी। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के मौके पर शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए प्रदेशवासियों व सेना के जवानों को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 के दिन कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त कर दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया था। इस दौरान सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए सेना के जवानों द्वारा देशभक्ति के गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस बीच प्रदेश भाजपा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में मशाल जुलूस निकाल कर देश के महान वीरों को नमन कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में आयोजित मशाल जुलूस में भाग लिया और नाहन स्थित शहीदी समारक पर बलिदानी सैनिकों को याद किया।

अंतिम संस्कार

श्रीनगर के कुपवाड़ा में आतंकियों से लड़ते हुए शहीद हुए ऊना ज़िला के घरवासड़ा निवासी दिलवर खान को आज पूरे सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सेना के अधिकारियों के अलावा कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, उपायुक्त महेन्द्र पाल गुर्जर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने दिवंगत सैनिक को देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने के लिए सुमन चक्र अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि शहीद दिलवर खान के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा और प्रदेश सरकार की ओर से शहीद के परिवार को यथासंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। शहीद नायक दिलवर खान दिसम्बर 2014 में सेना में भर्ती हुए थे और इन दिनों उनकी तैनाती राष्ट्रीय राइफल्स में थी।

सुनील शर्मा

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार व हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश की जूनियर नैशनल फुटबॉल टीम असम के लिए रवाना हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की टीम अपना पहला मुकाबला 28 जुलाई को अरूणाचल प्रदेश के साथ जबकि दूसरा मुकाबला 30 जुलाई को असम के साथ खेलेगी। इसी तरह प्रदेश फुटबॉल टीम का तीसरा मुकाबला 3 अगस्त को सिक्किम के साथ और अंतिम मैच 5 अगस्त को आंध्र प्रदेश के साथ होगा। सुनील शर्मा बिट्टू ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और प्रदेश फुटबॉल संघ राज्य में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

हथकरघा

कुल्लू ज़िला की लीलावंती का चयन राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए हुआ है। जिससे जिले में खुशी का माहौल है। लीलावंती को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है और यह पुरस्कार उन्हें भारत सरकार द्वारा आगामी माह में प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर लीलावंती ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी वर्षों की मेहनत का फल मिल गया है। गौरतलब है कि लीलावंती ने बुनकर व हथकरघा के क्षेत्र में महारत हासिल की है और वे कुल्लवी शाल, स्टाल, मफलर, पट्टू व टोपी बनाने की कुशल कारीगर है। उन्होंने कहा कि हथकरघा से ही उनके परिवार की आर्थिकी मजबूत हुई है और परिवार का पालन पोषण हो रहा है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक शिमला में होगा आयोजित– सत्र के दौरान कुल 10 बैठकें होंगी।
- प्रदेश मंत्रिमण्डल ने शून्य नामांकन वाले 89 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों व 10 माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का लिया निर्णय।
- कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कल– सेना प्रशिक्षण कमान शिमला ने विजय दिवस पर मनाया रजत जयंती समारोह।
- श्रीनगर के कुपवाड़ा में शहीद हुए ऊना ज़िला के दिलवर खान को पूरे सैन्य व राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई।